# निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम

# DEPOSIT INSURANCE & CREDIT GUARANTEE CORPORATION



## वार्षिक रिपोर्ट
## ANNUAL REPORT
## 1992-93

*शुभेच्छा के साथ*

**पी. कृष्णमूर्ति**
**महाप्रबंधक**

**निक्षेप बीमा और**
**प्रत्यय गारंटी निगम**
न्यू इंडिया सेंटर,
17, कूपरेज रोड,
बम्बई - 400039

# निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम

(संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित)

**प्रधान कार्यालय : छठी मंजिल, न्यू इंडिया सेंटर,**

**17, कूपरेज रोड़, बंबई - 400 039**

*शुभेच्छा के साथ*

**एस. के. कपूर**

*महा प्रबंधक*

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम

न्यू इंडिया सेंटर, 17, कूपरेज रोड, बम्बई - 400039.

## निदेशक बोर्ड की 31 वीं वार्षिक रिपोर्ट,

## 31 मार्च 1993 को समाप्त वर्ष के लिए

## तुलन पत्र और लेखे

# विषय सूची


| | | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | प्रेषण पत्र | iii और iv |
| 2. | निदेशक बोर्ड | v |
| 3. | संगठन तालिका | vi |
| 4. | निगम के कार्यालय | vii |
| 5. | निगम के प्रमुख अधिकारी | viii |
| 6. | निगम का स्वरूप | ix |
| 7. | विशिष्टता-प्रगति एक दृष्टि में | x |
| 8. | निदेशकों की रिपोर्ट | 1 |
| 9. | निदेशकों की रिपोर्ट के विषय में अनुबंध | 11 |
| 10. | तुलन-पत्र और लेखे | 32 |
| 11. | कार्यों और गतिविधियों की रूपरेखा<br>तालिका I से X (Charts I to X) | 40 |

# प्रेषण पत्र

(भारतीय रिज़र्व बैंक को)

**निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम**
न्यू इंडिया सेंटर,
17, कूपरेज रोड़,
पोस्ट बॉक्स सं. 1076,
बंबई - 400039.

डीआइसीजीसी/110/06.02/015/93-94

28 जून 1993
7 आषाढ़ 1915 (शक)

सचिव,
भारतीय रिज़र्व बैंक,.
सचिव विभाग,
केन्द्रीय कार्यालय,
केन्द्रीय कार्यालय भवन,
शहीद भगतसिंह मार्ग,
बंबई - 400023.

प्रिय महोदय,

**वर्ष 1992-93 के लिए तुलन-पत्र और वार्षिक रिपोर्ट**

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 32(1) के उपबंधों के अनुसरण में मुझे निदेशक बोर्ड ने इस पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज़ों की हस्ताक्षरित प्रति भेजने का निदेश दिया है:

(i) 31 मार्च 1993 को समाप्त वर्ष के लिए लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट की हस्ताक्षरित प्रति सहित निगम के लेखा परीक्षित तुलन-पत्र और लेखे की एक प्रति, और

(ii) 31 मार्च 1993 को समाप्त वर्ष के लिए निगम के कामकाज के संबंध में निदेशक बोर्ड की रिपोर्ट।

भवदीय,

ह/.-

**(एस. के. कपूर)**
महा प्रबंधक

प्रेषण पत्र

(भारत सरकार को)

**निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम**
न्यू इंडिया सेंटर,
17, कूपरेज रोड़,
पोस्ट बॉक्स सं. 1076,
बंबई - 400039.

डीआइसीजीसी/111/06.02/016/93-94

28 जून 1993
7 आषाढ़ 1915 (शक)

सचिव,
भारत सरकार, वित्त मंत्रालय,
आर्थिक कार्य विभाग,
(बैंकिंग प्रभाग),
"जीवनदीप", संसद मार्ग,
नयी दिल्ली - 110001.

प्रिय महोदय,

**वर्ष 1992-93 के लिए तुलन-पत्र और वार्षिक रिपोर्ट**

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 32(1) के उपबंधों के अनुसरण में मुझे निदेशक बोर्ड ने इस पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज़ों की एक-एक हस्ताक्षरित प्रति भेजने का निदेश दिया है:

(i) 31 मार्च 1993 को समाप्त वर्ष के लिए लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट सहित निगम के तुलन-पत्र तथा लेखे, और

(ii) 31 मार्च 1993 को समाप्त वर्ष के लिए निगम के कामकाज के संबंध में निदेशक बोर्ड की रिपोर्ट।

2. तुलन पत्रों की प्रतियाँ और निदेशक बोर्ड की रिपोर्ट भारतीय रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत की गयी है। उनकी तीन अतिरिक्त प्रतियाँ इस पत्र के साथ भेजी जा रही हैं।

3. कृपया हमें उक्त अधिनियम की धारा 32(2) के अधीन संसद के प्रत्येक सदन (अर्थात् लोक सभा और राज्य सभा) में दस्तावेज़ प्रस्तुत किये जाने की तारीख/तारीखें सूचित करें।

भवदीय,

ह/.-

**(एस. के. कपूर)**
महा प्रबंधक

## निदेशक बोर्ड

अध्यक्ष

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(क) के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित

**डी. आर. मेहता**
उप-गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक, बंबई

निदेशक

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(ख) के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित

**सुश्री आई. टी. वाज़**
कार्यपालक निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, बंबई

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(ग) के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा नामित

**टी. एस. लस्चर** (18 जनवरी 1993 तक)
**सुश्री मोना शर्मा** (8 अप्रैल 1993 से)
संयुक्त निदेशक, आर्थिक कार्य विभाग (बैंकिंग प्रभाग), वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, नयी दिल्ली

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(घ) के अंतर्गत नामित

**एस. एच. खान**
प्रबंध निदेशक, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, बंबई

**यू. महेश राव**
प्रबंध निदेशक, न्यू इंडिया एस्योरेंस कम्पनी लिमिटेड, बंबई

**एन. पी. सारड़ा**
सनदी लेखाकार, बंबई

**पी. डब्ल्यू. रेगे**
भूतपूर्व अध्यक्ष, सारस्वत सहकारी बैंक लि., बंबई

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(ङ) के अंतर्गत नामित

**गंगाधर गाडगिल**
अर्थशास्त्री, बंबई

**वी. महादेवन** (25 जून 1993 तक)
प्रबंध निदेशक, भारतीय स्टेट बैंक, बंबई

**पी. एन. जोशी** (14 जून 1993 से)
अध्यक्ष, यूनाइटेड वेस्टर्न बैंक लि., सातारा, महाराष्ट्र

**आर. एल. वधवा** (24 जून 1992 तक)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, इलाहाबाद बैंक, कलकत्ता

# संगठन तालिका


अध्यक्ष
भारतीय रिज़र्व बैंक के नामित निदेशक
महा प्रबंधक
उप महा प्रबंधक
बोर्ड अनुभाग
उप महा प्रबंधक
निक्षेप बीमा विभाग
गैर औद्योगिक ऋण गारंटी विभाग
कम्प्यूटर प्रभाग
लघु उद्योग ऋण गारंटी विभाग
दावा समिति अनुभाग
प्रशासन विभाग
लेखा विभाग
शाखा कार्यालय
कलकत्ता
मद्रास
नागपुर
नई दिल्ली

# निगम के कार्यालय

| | | टेलीफोन संख्या | तार |
|---|---|---|---|
| *प्रधान कार्यालय :* | **न्यू इंडिया सेंटर,**<br>**4, 5, 6, 7 और 8 वीं मंजिल,**<br>**17, कूपरेज रोड़,**<br>**पोस्ट बॉक्स सं. 1076,**<br>**बंबई - 400 039.** | | "क्रेडिटगार्ड" |
| | महा प्रबंधक | 2027323 (सी.ला.) | |
| | बोर्ड अनुभाग | 2020299 | |
| | (i) उप महा प्रबंधक | 2022408 (सी.ला.) | |
| | प्रशासन विभाग<br>लघु उद्योग ऋण गारंटी विभाग<br>लेखा विभाग | 2020299 | |
| | (ii) उप महा प्रबंधक | 2044876 (सी.ला.) | |
| | निक्षेप बीमा विभाग<br>गैर-औद्योगिक ऋण गारंटी विभाग<br>कम्प्यूटर प्रभाग | 2020299 | |
| *शाखाएँ:* | | | |
| 1) नागपुर | भारतीय रिज़र्व बैंक भवन,<br>हाइकोर्ट के समीप,<br>नागपुर - 440001. | 521406 (सी.ला.)<br>532321<br>532357 | "क्रेडिटगार्ड" |
| 2) कलकत्ता | 8, कौउन्सिल हाऊस स्ट्रीट<br>(पहली मंजिल), पोस्ट बॉक्स सं. 17,<br>कलकत्ता - 700001. | 281154 (सी.ला.)<br>286029 | "डिसिन्गर" |
| 3) मद्रास | कुरालगम बिल्डिंग,<br>तीसरी मंजिल, एस्प्लेनेड,<br>पोस्ट बॉक्स सं. 5021,<br>मद्रास - 600 108. | 5341524 (सी.ला.)<br>5341239 | "क्रेडिटगार्ड" |
| 4) नयी दिल्ली | भारतीय रिज़र्व बैंक,<br>6, संसद मार्ग,<br>पोस्ट बॉक्स सं. 123,<br>नयी दिल्ली - 110001. | 3716487 (सी.ला.)<br>3710538 से 42 | "डिपॉज़िटिंस" |

# निगम के प्रमुख अधिकारी

## महा प्रबंधक

एस. के. कपूर

उप महा प्रबंधक
बी. ए. राव (30 जून 1993 तक)
ए. एल. भाटिया (30 अप्रैल 1993 तक)
डी. एन. प्रसाद (24 मई 1993 से)
श्रीमती एस. एन. जोशी (4 अगस्त 1993 से)

मुख्य लेखाकार
ओ. पी. अरोड़ा

## अन्य अधिकारी

प्रबंधक
जे. पी. शर्मा
सुश्री. यू. एस. बनर्जी

सचिव
आर. जी. तावडे

## शाखा प्रबंधक

नागपुर
एन. के. साहा

कलकत्ता
एस. एन. गांगुली (11 जुलाई 1993 तक)
एस. एस. गंगोपाध्याय (12 जुलाई 1993 से)

मद्रास
जे. ए. ग्रेगरी (31 मार्च 1993 तक)
टी. एम. नारायणन (1 अप्रैल 1993 से)

दिल्ली
एस. एस. सेठी

## बैंकर

भारतीय रिज़र्व बैंक

## लेखा परीक्षक

मैसर्स एन. बी. शेट्टी एण्ड कम्पनी
सनदी लेखाकार
बंबई - 400 001

# निगम का स्वरूप

## प्रयोजन और उद्देश्य

जमा बीमा निगम की स्थापना पहली जनवरी 1962 को संसद के एक अधिनियम द्वारा की गयी थी। इस निगम ने रिज़र्व बैंक द्वारा 14 जनवरी 1971 को शुरु की गयी सार्वजनिक लिमिटेड कम्पनी भारतीय ऋण गारंटी निगम लिमिटेड को 15 जुलाई 1978 से अपने अधिकार में ले लिया जिससे एकही प्रकार के परस्पर संबद्ध कार्यों अर्थात् बैंकों के छोटे जमाकर्ताओं को बीमा सुरक्षा प्रदान करने और समाज के खासकर कमजोर वर्गों के छोटे ऋणकर्ताओं की कुछ श्रेणियों को प्रदान की गयी ऋण सुविधाओं को गारंटी रक्षा देने के कार्यों को समन्वित किया जा सके। इस प्रकार दो संगठनों के एकीकरण के बाद निगम का नाम बदल कर उसे निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम रखा गया। लघु उद्योगों के लिए भारत सरकार की ऋण गारंटी योजना रद्द होने के बाद निगम ने पहली अप्रैल 1981 से लघु उद्योगों को दिये गये ऋणों के लिए भी गारंटी सहायता देना शुरु किया।

निगम के दो उद्देश्य हैं बैंकों में जमाकर्ताओं के लाभ के लिए बैंक की सभी शाखाओं उनकी सभी जमा राशियों अथवा उनके किसी अंश के लिए अधिकतम 1,00,000 रुपये तक की हानि के लिए बीमा प्रदान करना और सहभागी संस्थाओं अर्थात् वाणिज्यिक बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित) सहकारी बैंकों, राज्यवित्त निगमों और अन्य सावधि ऋणदात्री संस्थाओं द्वारा दिये गये ऋण के लिए गारंटी समर्थन प्रदान करना। 31 मार्च 1989 तक गारंटी समर्थन लघु ऋणकर्ताओं और लघु उद्योगों की कुछ श्रेणियों के लिए ही उपलब्ध था। परन्तु 1 अप्रैल 1989 से गारंटी सुरक्षा संपूर्ण प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिमों (रिज़र्व बैंक की परिभाषा के अनुसार) के लिए लागू है। तथापि अग्रिमों की कुछ ऐसी श्रेणियाँ जो केन्द्र/राज्य सरकारों, भारतीय निर्यात ऋण गारंटी निगम लिमिटेड द्वारा गारंटीकृत हैं, को गारंटी सुरक्षा से बाहर रखा गया है।

जमा बीमा और ऋण गारंटी के लिए निगम ने अलग-अलग निधियाँ बनाई हुई हैं, जो किस्तों तथा गारंटी शुल्कों द्वारा जमा की जाती हैं और इनका उपयोग केवल दावों के निपटान के लिए ही किया जाता हैं। इसके अतिरिक्त एक अन्य निधि अर्थात् सामान्य निधि भी बनायी गयी है जिसमें निगम की पूँजी रखी गयी है और इस निधि से होने वाली निवेश आय से स्टाफ स्थापना संबंधी व्यय तथा प्रशासनिक व्यय किये जाते हैं। निगम को आयकर की अदायगी के संबंध में 31 दिसंबर 1986 तक छूट दी गयी थी।

निगम की प्राधिकृत पूँजी 50 करोड़ है जो पूर्णतः भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्गमित और अभिदत्त है।

निदेशक बोर्ड द्वारा निगम का प्रबंध देखा जाता है जिसके अध्यक्ष भारतीय रिज़र्व बैंक के उप गर्वनर होते हैं। दावा समिति और निवेश समिति जो भारतीय रिज़र्व बैंक के नामित निदेशक की अध्यक्षता में कार्यरत है, बोर्ड की सहायता करती है। महा प्रबंधक निगम के मुख्य कार्यपालक होते हैं।

निगम का प्रधान कार्यालय बंबई में है। इसकी चार शाखाएँ नागपुर, कलकत्ता, मद्रास, नयी दिल्ली में हैं। निगम की कोई सहायक या संबद्ध संस्था नहीं है।

# विशिष्टता - प्रगति एक वृष्टि में

(राशि करोड़ रुपये में)

| | वर्ष के अंत में | 1962 | 1972 | 1978 | 1982 | 1984 | 1987 | 1988-89 | 1990-91 | 1991-92 | 1992-93 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पूँजी | 1 | 1.5 | 10 | 15 | 50 | 50 | 50 | 50 | 50 | 50 |
| 2. | निक्षेप बीमा | | | | | | | | | | |
| | i) निक्षेप बीमा निधि | 1 | 25 | 76 | 154 | 219 | @ | @ | @ | @ | @ |
| | ii) बीमाकृत बैंक | 276 | 476 | 1,021 | 1,683 | 1,805 | 1,898 | 1,903 | 1,922 | 1,931 | 1,931 |
| | iii) निर्धारणयोग्य जमा राशियाँ | 1,895 | 7,458 | 21,660 | 42,360 | 61,880 | 1,03,044 | 1,26,864 | 1,56,892 | 1,86,307 | 2,44,375 |
| | iv) बीमाकृत जमा राशियाँ | 448 | 4,656 | 15,369 | 31,774 | 46,340 | 75,511 | 90,192 | 1,09,316 | 1,27,925 | 1,64,527 |
| | v) खाते (लाखों में) | 77 | 341 | 931 | 1,598 | 2,026 | 2,569 | 2,781 | 3,089 | 3,287 | 3,543 |
| | vi) पूर्णतः संरक्षित खाते (लाखों में) | 60 | 328 | 916 | 1,581 | 2,000 | 2,518 | 2,705 | 2,983 | 3,169 | 3,395 |
| | vii) अदाकृत दावे | — | 1 | 2 | 3 | 3 | 44 | 69 | 131 | 139 | 178 |
| 3. | ऋण गारंटी | | | | | | | | | | |
| | i) ऋण गारंटी निधि | — | — | 27 | 89 | 118 | @ | @ | @ | @ | @ |
| | ii) गारंटीकृत अग्रिम | | | | | | | | | | |
| | (क) छोटे उधारकर्ता | — | 208 | 1,715 | 4,840 | 7,104 | 11,116 | 14,291 | 27,692 | 29,181 | 24,444 |
| | (ख) लघु उद्योग | — | — | — | 3,822 | 4,891 | 7,788 | 10,465 | 16,826 | 17,362 | 19,162 |
| | iii) प्राप्त दावे (वर्ष के लिए) | | | | | | | | | | |
| | (क) छोटे उधारकर्ता | — | — | 9 | 25 | 62 | 255 | 364 | 505 | 410 | 883 |
| | (ख) लघु उद्योग | — | — | — | 30 | 71 | 149 | 241 | 247 | 220 | 260 |
| | iv) निपटाये गये दावे (वर्ष के दौरान) | | | | | | | | | | |
| | (क) छोटे उधारकर्ता | — | — | 3 | 15 | 32 | 225 | 281 | 427 | 360 | 566 |
| | (ख) लघु उद्योग | — | — | — | 27 | 47 | 122 | 177 | 260 | 260 | 243 |

@ निगम की देयताओं के बीमांकिक मूल्यांकन के कारण तुलन-पत्र और आय व्यय लेखे के प्रारूप में संशोधन से 1987 से ऋण गारंटी निधि में वर्ष 1989-90 को छोड़कर हर वर्ष घाटा रहा है। निधि की कमी/अतिरिक्त को संबंधित वर्ष के निक्षेप बीमा निधि के अतिरिक्त के बदले समायोजित किया गया। वर्ष 1992-93 के दौरान ऋण गारंटी निधि में रु. 201.90 करोड़ का घाटा था। 31 मार्च 1993 को ऋण गारंटी निधि से निक्षेप बीमा निधि के लिए रु. 475.86 की राशि देय थी।

# निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम के 31 मार्च 1993 को समाप्त वर्ष के कामकाज की रिपोर्ट

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम 1961 की धारा 32(I) के अनुसार निदेशक बोर्ड एतद् द्वारा 31 मार्च 1993 को समाप्त वर्ष की निगम की 31 वीं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करता है।

## आर्थिक परिदृश्य

2. वर्ष 1992-93 के दौरान समग्र आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और स्फीतिकारक दबावों में कमी आयी है। भुगतानों के संतुलन की स्थिति में भी सुधार हुआ है। कृषि क्षेत्र और औद्योगिक क्षेत्र के उत्पादन में संभावित वृद्धि के आधारपर वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर 1991-92 के 1.02 प्रतिशत की तुलना में 4.0 प्रतिशत से अधिक होने की संभावना है। सकल घरेलू उत्पाद के समानुपात के रूप में केन्द्र सरकार के सकल आर्थिक घाटे में कमी के कारण बेहतर आर्थिक प्रबंध, मुद्रा प्रसार में परिमितता और कृषि क्षेत्र के उन्नत कार्य निष्पादन के योगदान से 1992-93 में मुद्रास्फीति की दर में कमी आयी ह। बैंकिंग क्षेत्र में अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की सकल जमाराशि में 1992-93 के दौरान रु. 36,389 करोड़ (15.8 प्रतिशत) की बढोतरी हुई जब कि 1991-92 में रु. 38,217 करोड़ (19.8 प्रतिशत) की वृद्धि हुई थी। गैर खाद्य जमा में रु. 23,389 करोड़ (19.3 प्रतिशत) की अप्रत्याशित वृद्धि हुई है जब कि 1991-92 में मात्र रु. 9,127 करोड़ (8.2 प्रतिशत) की ही वृद्धि हुई थी। देश आर्थिक सुधार के एक संसंजक कार्यक्रम में प्रवृत्त है। इन सुधारों के लिए राजकोषीय, औद्योगिक, व्यापार और विदेशी मुद्रा और वित्त जैसे विभिन्न घटकों में तारतम्य रखने की आवश्यकता है।

बैंकिंग व्यवस्था को सुदृढ बनाने तथा उसके माध्यम से प्रभावी आधुनिक अर्थव्यवस्था के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक ने पूँजी-पर्याप्तता, आय पहचान का निर्धारण किया है और बैंकों के लिए प्रावधान मानदंड निर्धारित किये हैं। अधिक स्वायत्तता के लिए कार्यप्रणाली की पारदर्शिता आवश्यक है। बैंको को इन मूलभूत परिवर्तनों के लागू करने में मदद के लिए, जो बैंकों पर भार डालेंगे, केन्द्र सरकार ने 1993-94 के बजट में राष्ट्रीयकृत बैंकों को हिस्सा पूँजी के लिए रु. 5,700 करोड़ का विशाल प्रावधान किया है। गैर कार्यकारी आस्तियों को कम करने के लिए बैंकों द्वारा दायर किये जाने वाले दावों में वर्ष के दौरान बढोतरी हुई है और इसके भविष्य में भी जारी रहने की संभावना है जिससे निगम के संसाधनों पर असर पड़ेगा।

## प्राथमिकता क्षेत्र को अग्रिम

3. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम जून 1991 के अंत में रु. 42,093 करोड़ थे जो जून 1992 के अंत में बढ़कर रु. 44,995 करोड़ हो गए। निवल बैंक जमा में प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिमों का अंश 39.3 प्रतिशत है अर्थात् यह 40 प्रतिशत के लक्ष्य से मामूली कम है। प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिमों में कृषि के लिए अग्रिम जून 1991 के अंत में 16.4 प्रतिशत थे जो जून 1992 के अंत में घटकर 16.1 प्रतिशत रह गये। जबकि प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिमों में लघु उद्योगों का अंश जून 1991 में 16.1 प्रतिशत था जो जून 1992 में घटकर 15.5 प्रतिशत रह गया। अन्य प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिमों का अंश इसी अवधि में 8.4 प्रतिशत से घटकर 7.7 प्रतिशत रह गया। कृषि के लिए प्रत्यक्ष वित्त का हिस्सा निवल बैंक जमा का 14.9 प्रतिशत था। प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिमों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के अग्रिमों का अंश जून 1992 के अंत में 8.5 प्रतिशत था। निजी क्षेत्र के भारतीय बैंकों के प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम रु. 1,722 करोड़ के थे जो सितंबर 1991 के अंतिम शुक्रवार को उनकी निवल जमा का 34.7 प्रतिशत थे। भारत में कार्यरत विदेशी बैंकों के प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम सितंबर 1991 के अंत में मात्र 7.8 प्रतिशत थे जो मार्च 1992 तक के लिए निर्धारित 15 प्रतिशत के लक्ष्य से काफी कम है।

## महत्वपूर्ण गतिविधियाँ

### निक्षेप बीमा योजना - बीमा सुरक्षा की सीमा और किस्त की दर में बढोतरी

4.1 बैंक जमाकर्ताओं, विशेषतः छोटे जमाकर्ताओं को अधिक सुरक्षा प्रदान करने की दृष्टि से बीमाकृत बैंकों की जमाराशियों के लिए निगम की निक्षेप बीमा योजना के अंतर्गत वर्तमान में प्रति जमाकर्ता एक ही अधिकार और हैसियत से उपलब्ध

रु. 30,000 की बीमा सुरक्षा को बढ़ाकर 1 मई 1993 से रु. 1,00,000 कर दिया गया है। इस कदम के उठाये जाने से जमाकर्ताओं पर व्यापक अनुकूल मनोवैज्ञानिक प्रभाव पडने की संभावना है। साथ ही इस से जमाराशियों का बैंकिंग क्षेत्र से गैर बैंकिंग क्षेत्र में जाना रुकेगा तथा बैंकों की जमाराशियों में बढोतरी होगी। (बीमा सीमा पिछली बार रु. 20,000 से बढाकर रु. 30,000 जुलाई 1980 में की गयी थी) बीमाकृत बैंकों द्वारा उनकी जमाराशियों पर देय किस्त भी 1 जुलाई 1993 से बढाकर प्रति रु. 100 पर प्रतिवर्ष चार पैसे से आंशिक रूप से बढाकर 5 पैसे कर दी गई है इस संबंध में आवश्यक सरकारी अधिसूचना जारी की जा रही है।

### ऋण गारंटी योजनाएँ -
### गारंटी शुल्क की दर में वृद्धि

4.2 निगम ने अपनी तीन ऋण गारंटी योजनाओं की वित्तीय व्यवहार्यता की समीक्षा करने के बाद यह निर्णय लिया कि इन योजनाओं को एक और वर्ष अर्थात् 31 मार्च 1994 तक जारी रखा जाए। परन्तु लघु ऋण गारंटी योजना 1971 के मामले में 1 अप्रैल 1993 से वर्ष 1993-94 के लिए गारंटी शुल्क की दर 2.5 प्रतिशत प्रतिवर्ष की बढी हुई दर लागू की जाए। निगम द्वारा परिचालित दो अन्य योजनाओं अर्थात् लघु ऋण (लघु उद्योग) गारंटी योजना 1981 और लघु ऋण (सहकारी बैंक) गारंटी योजना 1984 के मामले में गारंटी शुल्क की 1.5 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

## निगम के कार्य - एक विहंगावलोकन

5.1. वर्ष के दौरान निगम का बैंकों के छोटे जमाकर्ताओं को बीमा सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में निक्षेप बीमा योजना संबंधी और गैर औद्योगिक क्षेत्र से संबंधित (2 योजनाओं) तथा लघु उद्योग क्षेत्र से संबंधित (एक योजना) योजनाओं के अंतर्गत बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थाओं द्वारा प्राथमिकता क्षेत्र के ऋणकर्ताओं को दी गयी ऋण सुविधाओं के लिए गारंटी समर्थन देने का कार्य जारी रहा।

5.2 निक्षेप बीमा योजना के अंतर्गत प्रति जमाकर्ता प्रतिबैंक बीमा सुरक्षा और बीमा किस्त क्रमशः रु. 30,000 और 4 पैसे प्रति रु. 100 बरकरार रही। बीमाकृत बैंकों की संख्या 31 मार्च 1993 को 1931 थी। जून 1992 के अंत में योजना में 3,395 लाख पूर्णतः संरक्षित खाते थे जो 3,543 लाख जमा खातों की कुल संख्या का 95.8 प्रतिशत है। रु. 1,64,527 करोड़ बीमाकृत जमा बैंकों की रु. 2,44,375.00 करोड़ की कुल निर्धारण योग्य जमा राशियों का 67.3 प्रतिशत है। वर्ष के दौरान बीमा किस्त के रूप में रु. 105.97 करोड़ की राशि प्राप्त हुई। निगम ने एक वाणिज्य बैंक (रु. 37.00 करोड़) और दो सहकारी बैंकों (रु. 1.99 करोड़) के मामले में कुल रु. 38.99 करोड़ की राशि के दावों (खातागत भुगतानों सहित) का निपटान किया।

5.3 निगम ने दावा देयता के लिए कुल रु. 14.93 करोड़ का प्रावधान किया है। मैट्रोपालिटन को आपरेटिव बैंक लिमिटेड, बंबई को 20 जून 1992 से परिसमापन के अधीन रखा गया है। जमाकर्ताओं, खासकर छोटे जमाकर्ताओं को होने वाली कठिनाई को कम करने की दृष्टि से निगम ने बैंक के परिसमापक को रु. 1.25 करोड़ की राशि जारी की है।

5.4 वर्ष के दौरान निगम की तीनों योजनाओं के अंतर्गत गारंटी शुल्क के आधारपर गारंटीकृत अग्रिम मार्च 1991 के अंत में रु. 46,543.18 करोड़ थे जो 6.3 प्रतिशत घटकर मार्च 1992 में रु. 43,605.50 करोड़ रह गये। गैर लघु उद्योग क्षेत्र के छोटे ऋणकर्ताओं (अर्थात् कृषक और काश्तकार, छोटे सड़क और जल परिवहन चालक, लघु व्यवसायी, खुदरा व्यापारी और स्वनियोजित व्यक्ति तथा समाज के अन्य कमजोर वर्ग) के गारंटीकृत अग्रिमों की राशि मार्च 1991 के अंत में रु. 29,180.82 करोड़ थी जो मार्च 1992 में पिछले वर्ष की तुलना में 16.2 प्रतिशत घटकर रु. 24,443.58 करोड़ रह गयी। तथापि लघु उद्योग क्षेत्र के गारंटीकृत अग्रिमों में बढोतरी हुई और ये पिछले वर्ष की स्थिति की तुलना में 10.4 प्रतिशत बढकर मार्च 1992 के अंत में रु. 19,161.92 करोड़ के हो गये। जबकि मार्च 1991 के अंत में ये रु. 17,362.36 करोड़ के थे।

5.5 रिपोर्ट के अधीन अवधि के दौरान निगम को इसकी ऋण गारंटी योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त हुए दावों में संख्यावार 120.2 प्रतिशत और राशिवार 82.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वर्ष के दौरान रु. 1,143.27 करोड़ के कुल 38,11,240 दावे प्राप्त हुए जबकि मार्च 1992 को समाप्त वर्ष के दौरान रु. 627.23 करोड़ के 17,30,523 दावे प्राप्त हुए थे। दावों में बढोतरी पूर्व में अग्रिमों के उदार संवितरण तथा वसूली में शिथिलता, 1 अप्रैल 1989 से लागू की गयी 3 वर्ष की निश्चित अवरुद्धता अवधि की समाप्ति, पूँजी पर्याप्तता मानदंडों, अशोध्य और संदिग्ध वसूली के संबंध में प्रावधान, आय पहचान आदि के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी अनुदेशों के कारण भी हुई है। निगम ने रु. 809.16 करोड़ के 26,10,522 ऋण गारंटी दावों का निपटान किया। जब कि पिछले वर्ष के दौरान रु. 615.81 करोड़ के 16,71,538 दावों का निपटान किया गया। दावा निपटान दर

1991-92 की तुलना में 56.2 प्रतिशत अधिक रही। वर्ष के दौरान दावों की मासिक निपटान दर 217544 रही। रिपोर्ट के अधीन वर्ष और पिछले वर्ष के दौरान प्राप्त हुए और निपटाये गये दावों की संख्या और राशि नीचे दर्शायी गयी है:

(राशि करोड़ रुपये में)

| | 1991-92 के दौरान | | 1992-93 के दौरान | | प्रतिशत वृद्धि (+)/कमी (-) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | संख्या | राशि | संख्या | राशि | संख्या | राशि |
| **I. प्राप्त दावे** | | | | | | |
| निम्नलिखित के मामले में निगम की योजनाएँ: | | | | | | |
| (i) लघु ऋणकर्ता | 16,52,076 | 409.97 | 36,81,272 | 883.29 | (+)122.8 | (+)115.5 |
| (ii) लघु उद्योग | 78,447 | 217.26 | 1,29,968 | 259.98 | (+)65.7 | (+)19.7 |
| **जोड़** | 17,30,523 | 627.23 | 38,11,240 | 1143.27 | (+)120.2 | (+)82.3 |
| **II. निपटाये गये दावे** | | | | | | |
| निम्नलिखित के मामले में निगम की योजनाएँ: | | | | | | |
| (i) लघु ऋणकर्ता | 15,91,028 | 360.14 | 24,92,375 | 565.95 | (+)56.7 | (+)57.1 |
| (ii) लघु उद्योग | 80,510 | 255.67 | 1,18,147 | 243.21 | (+)46.7 | (+)4.9 |
| **जोड़** | 16,71,538 | 615.81 | 26,10,522 | 809.16 | (+)56.2 | (+)31.4 |

5.6 1982 से दावों की राशि और गारंटी शुल्क की प्राप्ति की स्थिति इस प्रकार है:

(राशि करोड़ रुपये में)

| वर्ष | गारंटी शुल्क प्राप्तियाँ | गारंटी दावा प्राप्तियाँ | अन्तर |
|---|---|---|---|
| 1982 | 57.67 | 34.11 | +23.56 |
| 1983 | 71.17 | 60.42 | +10.75 |
| 1984 | 87.91 | 115.69 | -27.78 |
| 1985 | 105.66 | 186.90 | -81.24 |
| 1986 | 127.25 | 245.86 | -118.61 |
| 1987 | 145.17 | 386.95 | -241.78 |
| 1988-89 (15 माह) | 191.89 | 580.97 | -389.08 |
| 1989-90 | 593.83 | 548.33 | +45.50 |
| 1990-91 | 524.72 | 748.76 | -224.04 |
| 1991-92 | 565.88 | 627.23 | -61.35 |
| 1992-93 | 702.78* | 1143.27 | -440.49 |

* (पिछले वर्षों के संबंध में पुनर्निवेश प्रावधानसहित)

गारंटी शुल्क की योजनावार प्राप्ति अनुबंध XVI में दर्शायी गयी है। उपर्युक्त विवरण से पता लगता है कि 1 अप्रैल 1989 से गारंटी शुल्क की दर में बढोतरी के बाद 1989-90 को छोडकर बाद के सभी वर्षों में गारंटी दावों की प्राप्ति गारंटी शुल्क की प्राप्ति से अधिक रही। रिपोर्ट के अधीन वर्ष में घाटा सर्वाधिक रु. 440.49 करोड़ है। इससे यह जरूरी हो जाता है कि योजनाओं की अर्थक्षमता की दृष्टि से उनकी समीक्षा की जाए और बाद में गारंटी शुल्क की दर में बढोतरी की जाए।

## रुग्णता/लघु उद्योग इकाइयों की असफलता

6. लघु उद्योग क्षेत्र के बैंक ऋण में निरन्तर वृद्धि हुई है। सितंबर 1989 में लघु उद्योग क्षेत्र की रुग्ण इकाइयों की कुल संख्या 1,86,441 थी जो सितंबर 1990 में बढकर 2,25,324 हो गयी। इस अवधि के दौरान इन रुग्ण इकाइयों का बकाया बैंक ऋण रु. 2,243 करोड़ से बढ़कर रु. 2,610.87 करोड़ हो गया। इन इकाइयों में फँसी पडी राशि सितंबर 1990 के अंत में लघु उद्योग क्षेत्र के रु. 15,944 करोड़ कुल बकाया अग्रिमों का 16.4% है। लघु उद्योग इकाइयों की रुग्णता/असफलता के कारणों का पता लगाने

की दृष्टि से निगम द्वारा वर्ष 1989 में एक अध्ययन किया गया था। इसी प्रकार का अध्ययन चालू वर्ष के दौरान पुनः किया गया और इस प्रयोजन के लिए पास किये गये उच्च मूल्य के 258 दावों को अध्ययन के लिए लिया गया। इस वर्ष और पूर्व में वर्ष 1989 में किये गये अध्ययन की तुलना से पता लगता है कि इकाइयों की असफलता के मुख्य कारण दोनों अध्ययनों में समान पाये गये अर्थात् प्रबंध, तकनीक, वित्तीय, विपणन, श्रम आदि। इसके अतिरिक्त प्राकृतिक आपदा और सरकार की नीतियों में परिवर्तन के परिणामस्वरूप भी इकाइयाँ असफल/रुग्ण होती हैं।

## निक्षेप बीमा कार्य

7.1 निगम की निक्षेप बीमा योजना के अंतर्गत बीमाकृत बैंकों की कुल संख्या 1931 में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। इस में 80 वाणिज्य बैंक, 196 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और 1655 सहकारी बैंक शामिल हैं। बीमाकृत बैंकों का 1981 से वर्षवार विवरण अनुबंध I में दर्शाया गया है। अनुबंध II में दर्शाये अनुसार योजना के अंतर्गत तीन सहकारी बैंक (गोवा, महाराष्ट्र और राजस्थान में एक एक) पंजीकृत किये गये। और तीन सहकारी बैंक (आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र में एक-एक) विपंजीकृत किये गये।

7.2 निक्षेप बीमा योजना में वर्तमान में सभी वाणिज्य बैंक (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकोसहित) और सोलह राज्यों तथा तीन केन्द्र शासित प्रदेशों के वाणिज्य बैंक शामिल हैं। (अनुबंध III) शेष नौ राज्यों और चार केन्द्र शासित प्रदेशों को अभी योजना की परिधि में लाया जाना है। निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम 1961 के प्रावधानों को सिक्किम राज्य में लागू करने का मामला विचाराधीन है। इसी प्रकार निक्षेप बीमा योजना को आसाम, मणिपुर और बिहार के सहकारी बैंकों के लिए लागू करने का मामला भी विचाराधीन है। शेष राज्यों द्वारा अपने राज्य सहकारी समितियाँ अधिनियमों में आवश्यक संशोधन किया जाना अपेक्षित है।

7.3 खातों की संख्या और निगम के पास बीमाकृत जमाराशियाँ तथा जून 1991 और जून 1992 के अंत में जमाकर्ताओं को उपलब्ध संरक्षण की सीमा इस प्रकार है:

(राशि करोड़ रुपये में)

| | जून 1991 | जून 1992 |
|---|---|---|
| 1. खातों की कुल संख्या (लाखों में) | 3287 | 3543 |
| 2. पूर्णतः संरक्षित खाते (लाखों में) | 3169 | 3395 |
| 3. 2 के प्रति 1 का प्रतिशत | 96.4 | 95.8 |
| 4. निर्धारण योग्य जमाराशियाँ | 1,86,307 | 2,44,375 |
| 5. बीमाकृत जमाराशियाँ | 1,27,925 | 1,64,527 |
| 6. 5 के प्रति 4 का प्रतिशत | 68.7 | 67.3 |

(विवरण अनुबंध IV और V में दिया गया है)

पूर्णतः संरक्षित खातों और आंशिक रूप से संरक्षित खातों की जमाराशियाँ जून 1992 के अंत में कुल निर्धारणयोग्य जमाराशियों का क्रमशः 49.16 प्रतिशत और 50.84 प्रतिशत है।

7.4 बीमाकृत बैंकों से 1992-93 के दौरान तथा उसकी तुलना में पिछले वर्ष में वसूली गयी किस्त का श्रेणीवार ब्योरा इस प्रकार है:

(राशि करोड़ रुपये में)

| बैंकों की श्रेणी | प्राप्त किस्तें | |
|---|---|---|
| | 1991-92 | 1992-93 |
| (i) वाणिज्य बैंक | 82.41 | 95.66 |
| (ii) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | 1.81 | 2.13 |
| (iii) सहकारी बैंक | 9.26 | 8.18 |
| | 93.48 | 105.97 |

7.5 वर्ष 1992-93 के दौरान निगम ने कुल रु. 38.99 करोड़ (खातागत भुगतानसहित) की राशि के दावों का निपटान किया। विवरण इस प्रकार है:

(राशि लाख रुपये में)

| बैंक का नाम | राशि |
|---|---|
| **वाणिज्य बैंक** | |
| बैंक ऑफ कराड़ लिमिटेड (परिसमापनाधीन) | 3700.00* |
| **सहकारी बैंक** | |
| 1. सरदार नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड, (परिसमापनाधीन) | 74.06 |
| 2. मैट्रोपालिटन को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड (परिसमापनाधीन) | 125.00* |
| | 3899.06 |

* खातागत भुगतान को दर्शाता है।

इसके अतिरिक्त निम्नलिखित दावा देयताओं के रूप में खातों में रु. 14.93 करोड़ का प्रावधान किया गया है:

(क) कराड़ बैंक लिमिटेड (परिसमापनाधीन) के संबंध में दावे की शेष राशि के रूप में रु. 8.43 करोड़।

(ख) वसावी को-ऑपरेटिव अरबन बैंक लिमिटेड, गुरजाला के संबंध में रु. 0.01 करोड़ का पूरक दावा।

(ग) नवदीप को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड परिसमापक द्वारा प्रस्तुत दावे के विचाराधीन निपटान के संबंध में रु. 5.52 करोड़।

(घ) भद्रावती को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के परिसमापक द्वारा प्रस्तुत दावे के लिए रु. 0.01 करोड़। यह दावा स्पष्टीकरण के अभाव में विचाराधीन है।

(ङ) मैट्रोपालिटन को-ऑपरेटिव बैंक के जमाकर्ताओं के दावों के संबंध में रु. 0.33 करोड़। दावे स्पष्टीकरण के अभाव में विचाराधीन हैं।

(च) अमानत को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, बेलगाम जी बेलगाम मुस्लिम को-ऑपरेटिव बैंक का अन्तरिती बैंक है, द्वारा प्रस्तुत दावों के लिए रु. 0.63 करोड़। दावा स्पष्टीकरणों के अभाव में विचाराधीन है।

7.6 31 मार्च 1993 को 25 वाणिज्य बैंकों (वर्ष के दौरान अदा किये गये रु. 37 करोड़ सहित) के संबंध में कुल दावा-अदाकृत राशि (संचयी) रु. 172.92 करोड़ थी। मार्च 1993 तक कुल चुकौतियाँ रु. 17.57 करोड़ (वर्ष के दौरान प्राप्त रु. 3.69 करोड़ सहित) की थी। मार्च 1993 तक 5 वाणिज्य बैंकों के संबंध में रु. 0.10 करोड़ की राशि बट्टे खाते डाली गयी।

31 मार्च 1993 को 24 सहकारी बैंकों के मामले में कुल दावा अदाकृत राशि रु. 5.20 करोड़ (वर्ष के दौरान अदा किये गये रु. 1.99 करोड़ सहित) थी। मार्च 1993 तक कुल चुकौतियाँ रु. 0.82 करोड़ (वर्ष के दौरान प्राप्त रु. 0.06 करोड़ सहित) थी।

31 मार्च 1993 तक दावा अदाकृत और प्रावधान तथा प्राप्त चुकौतियों आदि का विवरण अनुबंध VI में दिया गया है।

## ऋण गारंटी कार्य

### क. छोटे ऋणकर्ताओं के लिए ऋण गारंटी योजनाएँ

8. बोर्ड द्वारा पिछले वर्ष लिए गये निर्णय के अनुसार निगम ने शून्य/नगण्य सहभागिता तथा सहभागी संस्थाओं द्वारा लगातार चूक की वजह से 31 मार्च 1992 की कारोबार समाप्ति से अपनी तीन निम्नलिखित ऋण गारंटी योजनाओं को समाप्त कर दिया।

(अ) लघु ऋण (वित्त निगम) गारंटी योजना 1971
(आ) सेवा सहकारी समितियाँ गारंटी योजना 1971 और
(इ) लघु ऋण (सहकारी ऋण समितियाँ) गारंटी योजना 1982

तथापि लघु ऋण (वित्त निगम) गारंटी योजना 1971 के अंतर्गत वर्ष के दौरान रु. 0.10 करोड़ की राशि के 24 दावों का निपटान किया गया। जब कि पिछले वर्ष इस योजना के अंतर्गत रु. 0.08 करोड़ के 18 दावों का निपटान किया गया। इसके अतिरिक्त योजना के अंतर्गत रु. 1.29 करोड़ के 229 दावे संसाधित कर लिए गये हैं परन्तु स्पष्टीकरण के अभाव में विचाराधीन हैं।

9. छोटे ऋणकर्ताओं के लिए वर्तमान में परिचालित दो ऋण गारंटी योजनाओं अर्थात्

(1) लघु ऋण गारंटी योजना 1971 और

(2) लघु ऋण (सहकारी बैंक) गारंटी योजना 1984 की समग्र कार्यस्थिति इस प्रकार है:

(राशि करोड़ रुपये में)

| ऋणकर्ताओं की श्रेणी | 31 मार्च 1992 को गारंटीकृत अग्रिम | प्राप्त दावों की राशि | | | दो के प्रति पाँच का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | मार्च 1992 तक | 1992-93 के दौरान | मार्च 1993 तक (3+4) | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| (i) कृषक और खेतिहर | 16,572.80 | 1,085.85 | 329.38 | 1,415.23 | 8.53 |
| (ii) अन्य प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम | 7,528.78 | 1,154.88 | 534.66 | 1,689.54 | 22.44 |
| (iii) विभेदक ब्याज दर योजना के अंतर्गत ऋणकर्ताओं की शेष श्रेणियाँ | 342.00 | 77.41 | 19.25 | 96.66 | 28.26 |
| जोड़ | 24,443.58 | 2,318.14 | 883.29 | 3,201.43 | 13.10 |

लघु ऋण गारंटी योजना, 1971

10.1 योजना के अंतर्गत क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित वाणिज्य बैंकों द्वारा कृषि और संबद्ध कार्यकलाप, परिवहन, खुदरा व्यापार, लघु व्यवसाय आदि के लिए स्वीकृत अग्रिमों को गारंटी सुरक्षा प्रदान की जाती है।

10.2 वर्ष के दौरान निगम द्वारा एक वाणिज्य बैंक को योजना से बाहर होने की अनुमति दी गयी (अनुबंध VIII) परिणाम स्वरूप 31 मार्च 1993 को योजना के अंतर्गत सहभागी ऋण संस्थाओं की संख्या घटकर 248 (इसमें 55 वाणिज्य बैंक और 193 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शामिल हैं) रह गयी जबकि 31 मार्च 1992 को इनकी संख्या 249 थी। (अनुबंध VII)

10.3 योजना के अंतर्गत कुल गारंटीकृत अग्रिम 31 मार्च 1992 को रु. 24,429.24 करोड़ थे जो पिछले वर्ष की तुलना में 16.24 प्रतिशत कम थे। इसका कारण निगम की ऋण गारंटी योजनाओं से अग्रिम की कुछ श्रेणियों का अलग किया जाना था। योजना का छोटे ऋणकर्ताओं के अधिकांश गारंटीकृत अग्रिमों के मामले में उत्तरदायित्व जारी रहा। यह उत्तरदायित्व गैर लघु उद्योग खंड के रु. 24,443.58 करोड़ के कुल प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिमों का 99.94 प्रतिशत है। गारंटीकृत अग्रिमों का वर्षवार और क्षेत्रवार विवरण अनुबंध IX में दर्शाया गया है। योजना के अंतर्गत गारंटीकृत अग्रिमों का क्षेत्रवार ब्योरा तथा उसकी तुलना में दावों की राशि इस प्रकार है:

| ऋणकर्ता की श्रेणी | प्रतिशत | |
|---|---|---|
| | गारंटीकृत अग्रिम | प्राप्त दावे |
| (i) कृषक और खेतिहर | 67.84 | 44.21 |
| (ii) प्राथमिकता क्षेत्र के अन्य ऋणकर्ता | 30.76 | 52.78 |
| (iii) विभेदक ब्याज दर योजना अग्रिम | 1.40 | 3.01 |
| | 100.00 | 100.00 |

10.4 रिपोर्ट की अवधि के दौरान निगम को रु. 883.27 करोड़ के 36,81,234 दावे प्राप्त हुए जब कि पिछले वर्ष रु. 409.96 करोड़ के 16,52,074 दावे प्राप्त हुए थे। इस प्रकार पिछले वर्ष की तुलना में दावों में संख्यावार 122.82 प्रतिशत तथा राशिवार 115.45 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वर्ष के दौरान प्राप्त दावों की राशि रु. 883.27 करोड़ थी जो योजना के अंतर्गत गारंटी प्राप्त रु. 24,429.24 करोड़ के अग्रिमों का 3.61 प्रतिशत है। छोटे ऋणकर्ताओं के मामले में सभी योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त दावों का क्षेत्रवार ब्योरा अनुबंध XI में दिया गया है।

10.5 निगम ने रु. 565.83 करोड़ के 24,92,313 दावों का निपटान किया जबकि पिछले वर्ष के दौरान रु. 360.05 करोड़ के 15,90,989 दावों का निपटान किया गया। (इस वर्ष की औसत मासिक निपटान दर 2,07,693 दावे रही जबकि पिछले वर्ष यह दर 1,32,582 दावे थी) इसके अतिरिक्त रु. 395.40 करोड़ के 8,86,513 दावे संसाधित कर लिए गए हैं परन्तु स्पष्टीकरण के अभाव में ये विचाराधीन हैं। योजना के अंतर्गत 31 मार्च 1993 को रु. 288.17 करोड़ के 11,50,902 दावे संसाधित किये जाने हैं। (अनुबंध X)

10.6 रिपोर्ट के अधीन अवधि के दौरान प्रस्थापन अधिकार के कारण रु. 52.97 करोड़ की वसूली प्राप्त हुई जब कि पिछले वर्ष के दौरान रु. 38.28 करोड़ की प्राप्ति हुई थी। योजना के प्रारम्भ से प्राप्त हुई वसूलियों की कुल राशि रु. 242.74 करोड़ थी जो रु. 2,299.15 करोड़ (संचयी) की दावा अदाकृत राशि का 10.6 प्रतिशत है।

10.7 इस योजना के अंतर्गत रु. 25,000/- से अनधिक राशि के दावे कम्प्यूटर पर संसाधित किये जाने के लिए मैग्नेटिक टेप्स के माध्यम से प्रस्तुत करनेवाले बैंकों की संख्या 78 (सार्वजनिक क्षेत्र के 27 बैंकों सहित) हो गयी है जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 30 थी। चालू वर्ष के दौरान मैग्नेटिक टेप्स के माध्यम से प्रस्तुत दावों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई और ये 26 लाख रहे जबकि पिछले वर्ष ऐसे दावों की संख्या 10 लाख थी। वर्ष के दौरान निगम के पास दायर किये गये दावों में से 66.95 प्रतिशत दावे मैग्नेटिक टेप्स के माध्यम से प्रस्तुत किये गये।

### लघु ऋण (सहकारी बैंक) गारंटी योजना, 1984

11.1 योजना में प्राथमिक शहरी सहकारी बैंकों द्वारा गैर कृषि प्रयोजनों के लिए स्वीकृत प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम शामिल हैं।

11.2 इस योजना के सहभागी सहकारी बैंकों की संख्या 31 मार्च 1992 को 35 थी जो 31 मार्च 1993 को घटकर 29 रह गयी (अनुबंध VII और VIII)। 31 मार्च 1992 को गारंटीकृत अग्रिमों की राशि रु. 14.34 करोड़ रही जबकि 31 मार्च 1991 को यह राशि रु. 13.77 करोड़ थी।

11.3 निगम को रिपोर्ट की अवधि के दौरान रु. 0.02 करोड़ के 38 दावे प्राप्त हुए। मार्च 1992 को समाप्त वर्ष के दौरान रु. 0.01 करोड़ के 2 दावे प्राप्त हुए थे। 38 दावों के निपटानस्वरूप वर्ष 1992-93 के दौरान रु. 0.02 करोड़ की राशि का भुगतान किया गया। इसके अतिरिक्त रु. 0.10 करोड़ की राशि के 93 दावे संसाधित कर लिए गए हैं परन्तु स्पष्टीकरण के अभाव में विचाराधीन है।

### ख. लघु उद्योगों के लिए ऋण गारंटी योजनाएँ

### सरकार की ऋण गारंटी योजना (अब निरस्त)

12.1 जैसा कि पिछली वार्षिक रिपोर्ट में उल्लेख किया गया था कि निगम ने 1 अप्रैल 1981 से योजना को बंद करने के बाद इस योजना के अंतर्गत दावे/अभ्यावेदन स्वीकार करना बंद कर दिया था और सभी विचाराधीन दावों का निपटान मार्च 1992 तक कर दिया गया था। तथापि भारत सरकार के एजेन्ट के रूप में निगम के ऋण संस्थाओं से दावा अदाकृत खातों में हुई वसूली के संबंध में प्रयास जारी रहे और ऐसे खातों के मामले में ऋण संस्थाओं से बट्टे खाते डालने, कानूनी कार्रवाई से छूट देने, समझौता करने आदि के प्रस्तावों के संबंध में निगम का कार्य जारी रहा।

12.2 योजना के अंतर्गत वर्ष 1991-92 के दौरान दावा अदाकृत खातो में हुई वसूलियों की राशि को निगम के पास रखे जाने के प्रस्ताव को सरकार द्वारा स्वीकार नहीं किया गया। तथापि सरकार ने निगम को दावा अदाकृत खातों में हुई वसूलियाँ उसी अनुपात (अर्थात् कुल का 30.5%) में रखने की अनुमति दी है जिस अनुपात में रखने की 1986 से 1991 के दौरान के लिए अनुमति दी गयी थी। तदनुसार वर्ष 1991-92 के दौरान रु. 2.43 करोड़ की कुल वसूलियों में से निगम ने अपने द्वारा किये गये संस्थागत खर्च के रूप में रु. 0.74 करोड़ की राशि अपने पास रखी और रु. 1.69 करोड़ की शेष राशि मार्च 1993 में सरकार के पास भेज दी। एवं, 31 मार्च 1993 को समाप्त वर्ष के दौरान दावा अदाकृत खातों से हुई वसूली के रूप में रु. 1.42 करोड़ की राशि निगम ने वर्ष 1992-93 से योजना के अवशिष्ट कार्यों के निष्पादन के लिए हुए प्रशासनिक खर्चों के रूप में सरकार की ओर से निगम के हिस्से के संबंध में अनुदेशों की प्रतीक्षा में अपने पास रखी है।

### निगम की लघु ऋण (लघु उद्योग) गारंटी योजना, 1981

13.1 31 मार्च 1993 को उपर्युक्त योजना की सहभागी ऋण संस्थाओं की संख्या 344 (31 मार्च 1992 को 357) थी जिसमें 54 वाणिज्य बैंक 149 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और 141 सहकारी बैंक शामिल हैं (अनुबंध XII)। वर्ष के दौरान गारंटी शुल्क में चूक

के कारण अथवा योजना से बाहर होने का विकल्प देने के कारण 14 ऋण संस्थाओं के नाम योजना की सहभागिता से कम किये गये और योजना में एक ऋण संस्था पुनः शामिल की गयी (अनुबंध XIII)। भारतीय रिज़र्व बैंक की प्राथमिकता क्षेत्र परिभाषा में आने वाले लघु उद्योग क्षेत्र के गारंटीकृत अग्रिम 31 मार्च 1992 को रु. 19,161.92 करोड़ के थे।

13.2 निगम को 1992-93 के दौरान रु. 259.98 करोड़ की राशि के 1,29,968 दावे प्राप्त हुए जबकि पिछले वर्ष रु. 217.26 करोड़ के 78447 दावे प्राप्त हुए थे। वर्ष 1991-92 के दौरान रु. 255.67 करोड़ के 80510 दावे निपटाये गये जबकि इस वर्ष रु. 243.21 करोड़ के 118147 दावे निपटाये गये। (राशिवार विवरण अनुबंध XV में दर्शाया गया है)। प्राप्त हुए और निपटाये गये दावों का 1 अप्रैल 1981 से वर्षवार विवरण अनुबंध XIV में दर्शाया गया है। 31 मार्च 1993 को रु. 54.85 करोड़ के 23276 दावे विचाराधीन थे।

13.3 निगम के प्रस्थापन अधिकार के कारण रिपोर्ट के अधीन अवधि में योजना के अंतर्गत रु. 17.52 करोड़ की राशि प्राप्त हुई। 1981 से 31 मार्च 1993 के दौरान कुल रु. 59.51 करोड़ की वसूलियाँ प्राप्त हुई जो रु. 725.66 करोड़ के कुल दावा अदाकृत का 8.20 प्रतिशत है।

13.4 31 मार्च 1993 तक योजना के अंतर्गत रु. 1536.72 करोड़ के दावे प्राप्त हुए जो प्राथमिकता क्षेत्र के अंतर्गत लघु उद्योग क्षेत्र के रु. 19161.20 करोड़ के कुल गारंटीकृत अग्रिमों का 8.02 प्रतिशत है।

13.5 योजना के अंतर्गत प्राप्त होने वाले उच्च मूल्यवर्ग के दावों का निपटान निदेशक बोर्ड की भारतीय रिज़र्व बैंक के नामित निदेशक की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जाता है। समिति के सदस्यों में चार सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के कार्यपालक तथा एक प्रमुख सनदी लेखाकार शामिल हैं। वर्ष 1992-93 के दौरान समिति की एक बैठक हुई और रु. 3.49 करोड़ के 37 दावों का निपटान किया गया।

## अन्य गतिविधियाँ

### बीमा किस्त के भुगतान में विलम्ब के लिए दंडस्वरूप ब्याज

14.1 चूककर्ताओं के विरूद्ध निवारक उपाय के रूप में बीमा किस्त के भुगतान में चूक करने वाले बीमाकृत बैंकों के मामले में दंडस्वरूप ब्याज की दर बैंक दर (पिछली बैंक दर) से 1 जनवरी 1993 से 8% अधिक कर दी गयी है। इस संबंध में निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम सामान्य विनियमावली 1961 के विनियम 20 में उचित संशोधन कर दिया गया है।

### दावा अदाकृत खातों में हुई वसूलियों से निगम के हिस्से के प्रेषण में विलम्ब के लिए दंडस्वरूप ब्याज

14.2 वर्तमान अनुदेशों के अनुसार, निगम की ऋण गारंटी योजनाओं की सहभागी संस्थाओं से यह अपेक्षित है कि वे दावा अदाकृत खातों में हुई वसूलियों में निगम का हिस्सा एक माह (लघु उद्योग योजना के मामले में) तथा तीन माह (लघु ऋणकर्ता योजनाओं के मामले में) के भीतर निगम के पास भेज दें। विलम्ब होने की स्थिति में विलम्ब के लिए बकाया राशि पर बैंक दर से ब्याज की वसूली की जाएगी। स्थिति की समीक्षा करने के बाद यह निर्णय लिया गया है कि निगम का हिस्सा भेजने में एक माह/तीन माह यथास्थिति से अधिक विलम्ब होने की स्थिति में प्रेषण में विलम्ब/चूक के निवारक उपाय के रूप में भुगतान बकाया रहने तक की अवधि के लिए संबंधित ऋण संस्था से बैंक दर से 8% अधिक की दर से दंडस्वरूप ब्याज की वसूली की जाएगी।

## लेखे

### तुलन पत्र तथा आय व्यय लेखे

15.1 मार्च 1993 को समाप्त वर्ष के संबंध में आय व्यय लेखा तथा निगम की तीन निधियों अर्थात् निक्षेप बीमा निधि, ऋण गारंटी निधि और सामान्य निधि की 31 मार्च 1993 की स्थिति का तुलन पत्र तथा उन पर लेखा परीक्षक की रिपोर्ट संलग्न है।

15.2 1987 से निगम ने निक्षेप बीमा निधि और ऋण गारंटी निधि की देयताओं के बीमांकिक आधार पर मूल्यांकन की व्यवस्था लागू कर रखी है तदनुसार तीनों निधियों के मामले में आयकर, विचाराधीन दावों आदि के लिए प्रावधान सहित सभी प्रावधान करने पर रु. 65.44 करोड़ का निवल घाटा है जबकि पिछले वर्ष रु. 12.13 करोड़ की अतिरिक्त राशि उपलब्ध थी। निक्षेप बीमा निधि रु. 140.78 करोड़ की अतिरिक्त राशि दर्शाती है जब कि ऋण गारंटी निधि रु. 201.90 करोड़ का तथा सामान्य निधि रु. 4.32 करोड़ का घाटा दर्शाती है। ऋण गारंटी निधि के रु. 201.90 करोड़ के घाटे को इतनी ही राशि निक्षेप बीमा

निधि से अंतरित कर बराबर किया गया है तथा सामान्य निधि के रु. 4.32 करोड़ के घाटे को इसके सामान्य रिज़र्व में अन्तरित किया गया है।

15.3 पिछले वर्ष के अंत में अर्थात् 31 मार्च 1992 को वर्ष 1987 के बाद रहे अतिरिक्त/घाटे के रूप में ऋण गारंटी निधि से निक्षेप बीमा निधि के लिए रु. 273.96 करोड़ की राशि देय है। ऋण गारंटी निधि के चालू वर्ष के रु. 201.90 करोड़ के घाटे को इतनी ही राशि निक्षेप बीमा निधि से अंतरित करके बराबर किया गया है तथा इसके परिणामस्वरूप निक्षेप बीमा निधि को देय राशि बढ़कर रु. 475.86 करोड़ हो गयी है।

### बजट नियंत्रण

15.4 मार्च 1992 को समाप्त वर्ष तक बजटीय व्यवस्था और उनकी समीक्षा केवल सामान्य निधि तक सीमित थी जो निगम के कुल राजस्व एवं व्यय के 10 प्रतिशत से कम होती है। परन्तु वर्ष 1992-93 से निगम के राजस्व और व्यय के मामले में यह बजट नियंत्रण सभी गतिविधि खंडों पर लागू कर दिया गया है।

15.5 निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम 1961 के प्रावधानों के अनुसार जिन राशियों की कुछ समय के लिए आवश्यकता नहीं होती है उनका निवेश भारत सरकार के 91/182/364 दिवसीय खजाना बिलों में किया जाता है। निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम 1961 की धारा 25 में सुधार के लिए कार्रवाई पहले ही प्रारम्भ की जा चुकी है ताकि निगम अपनी अतिरिक्त निधियों का निवेश अन्य प्रकार की अनुमोदित प्रतिभूतियों आदि में कर सके तथा उसकी प्राप्ति में अधिकतम बढोतरी हो सके। विवरण अनुबंध XVII में दर्शाया गया है। तीनों निधियों के निवेशों के मूल्य ऱ्हास के लिए पूर्णतः प्रावधान कर लिया गया है।

## सामान्य

### लेखा परीक्षक

16.1 निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम 1961 की धारा 29(I) के अनुसार निदेशक बोर्ड ने भारतीय रिज़र्व बैंक के पूर्वानुमोदन से 31 मार्च 1993 को समाप्त लगातार चौथे वर्ष के लिए मैसर्स एन. बी. शेट्टी एंड कं., सनदी लेखाकार बंबई को निगम का लेखा परीक्षक नियुक्त किया।

### हिन्दी की प्रगति

16.2 निगम के अपने दैनिक कामकाज में हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने के संबंध में प्रयास जारी रहे। निगम के परिपत्र तथा वार्षिक रिपोर्ट द्विभाषिक रूप में अर्थात् हिंदी और अंग्रेजी दोनो में जारी की जाती है। भारतीय रिज़र्व बैंक/भारत सरकार से राजभाषा के संबंध में प्राप्त विभिन्न अनुदेशों के कार्यान्वयन के लिए गठित राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा निगम में हिन्दी का प्रगामी प्रयोग सुनिश्चित किया जाता है तथा इसकी बैठकों में लक्ष्य प्राप्ति के उपाय सुझाये जाँते हैं। संसदीय राजभाषा समिति ने जून 1992 के दौरान निगम के प्रधान कार्यालय का निरीक्षण किया। हिन्दी प्रयोग के संबंध में समिति के सुझावों को लागू किया जा रहा है। निगम ने अपने स्टाफ सदस्यों को भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा संचालित विभिन्न हिन्दी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए प्रतिनियुक्त किया। वर्ष के दौरान दो वरिष्ठ अधिकारियों ने प्राज्ञ तथा दो अन्य अधिकारियों ने प्रबोध परीक्षा उत्तीर्ण की। हिन्दी के बढते प्रयोग के लिए बोर्ड के अनुमोदन से निगम के लिए अतिरिक्त हिन्दी स्टाफ प्राप्त करने के प्रयास किये जा रहे हैं। निगम के प्रधान कार्यालय को राजभाषा नियमावली 1976 के नियम 10(4) के अंतर्गत अधिसूचित कर दिया गया है।

### प्रशिक्षण और प्रतिनियुक्तियाँ

16.3 नेशनल इन्स्टीट्यूट आफ स्माल इंडस्ट्री एक्स्टेंशन ट्रेनिंग हैदराबाद द्वारा आयोजित "लघु उद्योग वित्तपोषण" कार्यक्रम में भाग लेने आये विकासशील देशों के वाणिज्य बैंकों और वित्तीय संस्थाओं के 20 सहभागियों के एक समूह ने निगम में आकर इसकी कार्यप्रणाली और प्रक्रिया का अध्ययन किया। निगम ने वाणिज्य बैंकों और भारतीय रिज़र्व बैंक के विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों में निगम की योजनाओं तथा उनके अंतर्गत दावों के निपटान के संबंध में विषयों पर सत्र लेने के लिए अपने अधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया। रिपोर्ट के अधीन अवधि के दौरान 27 अधिकारियों 15 लिपिकों और 9 अधीनस्थ स्टाफ सदस्यों को भारतीय रिज़र्व बैंक के विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्रों पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए प्रतिनियुक्त किया गया।

### भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा वित्तीय लेखा परीक्षा

16.4 रिज़र्व बैंक के निरीक्षण विभाग के केन्द्रीय लेखा परीक्षा कक्ष द्वारा वर्ष के दौरान चार बार वित्तीय लेखा परीक्षा की गयी। लेखा परीक्षा 1 जनवरी 1990 से 30 सितंबर 1992 तक की अवधि के लिए की गयी। लेखा परीक्षा रिपोर्टों में बतायी गयी वित्तीय अनियमितताएँ/सुझावों का निगम द्वारा अनुपालन/सुधार

कर लिया गया है। रिपोर्टों में दर्शायी गयी कुछ प्रक्रिया संबंधी अनियमितताओं पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

प्रबंधतंत्र

श्री. डी. आर. मेहता उप गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक को श्री. रा. जानकीरामन के बदले भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा 3 दिसंबर 1992 से निगम का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। श्री. आर. एल. वधवा, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, इलाहाबाद बैंक ने बैंक से त्यागपत्र दे दिया है और परिणामस्वरूप वे 25 जून 1992 से निगम के बोर्ड में निदेशक नहीं रहे। भारत सरकार ने श्री. टी. एस. लस्चर के स्थान पर सुश्री. मोना शर्मा, संयुक्त निदेशक, आर्थिक कार्य विभाग (बैंकिंग प्रभाग), वित्त मंत्रालय को सरकार के नामित निदेशक के रूप में 8 अप्रैल 1993 से नामित किया है। वर्ष के दौरान निगम के बोर्ड के लिए निम्नलिखित निदेशकों को 3 वर्ष की अवधि के लिए नामित किया गया है।

| नाम | नामित करने की तारीख |
|---|---|
| निक्षेप बीमा प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम 1961 की धारा 6(I)(डी) के अंतर्गत नामित | |
| श्री. यू. महेश राव<br>प्रबंध निदेशक, बी.आइ.सी.आइ. | 28 अगस्त 1992 |
| श्री. एन. पी. सारडा<br>सनदी लेखाकार | 9 सितंबर 1992 |
| डॉ. पी. डब्ल्यू. रेगे<br>भूतपूर्व अध्यक्ष, सारस्वत को-ऑपरेटिव बैंक | 9 सितंबर 1992 |
| श्री. एस. एच. खान<br>प्रबंध निदेशक, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक | 28 अगस्त 1992 |
| निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम 1961 की धारा 6(I)(ई) के अंतर्गत नामित | |
| प्रो. गंगाधर गाडगिल<br>अर्थशास्त्री | 9 सितंबर 1992 |

वर्ष के दौरान निगम के निदेशक बोर्ड की चार बैठकें हुई।

डॉ. के. के. मुखर्जी की सेवा निवृत्ति के बाद 29 जुलाई 1992 से श्री. एस. के. कपूर ने निगम के महा प्रबंधक का कार्यभार संभाला।

बोर्ड परिचालनात्मक कार्यकुशलता को बनाये रखने के लिए निगम के महा प्रबंधक और स्टाफ की सराहना करता है।

**निक्षेप बीमा और**
**प्रत्यय गारंटी निगम**
**बम्बई 400 039.**

दिनांक : 18 जून 1993

निदेश मंडल की ओर से
और उसके वास्ते

(डी. आर. मेहता)
अध्यक्ष

## अनुबंध - I

## वर्ष 1962 से निक्षेप बीमा योजना में शामिल बैंकों की संख्या दर्शानेवाला विवरण

| वर्ष | वर्ष के प्रारंभ में पंजीकृत बैंको की संख्या | वर्ष/अवधि के दौरान में पंजीकृत बैंकों की संख्या | उन विपंजीकृत बैंकों की संख्या जहां निगम में देयता | | जोड़ (4+5) | वर्ष/अवधि के अंत मे पंजीकृत बैंकों की संख्या (2+3-6) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | आयी | नहीं आयी | | |
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
| 1962 | 287 | — | 2 | 9 | 11 | 276 |
| 1963 से 1980 | 276 | 1541 | 21 | 214 | 235 | 1582 |
| 1981 | 1582 | 69 | 1 | 3 | 4 | 1647 |
| 1982 | 1647 | 44 | 1 | 7 | 8 | 1683 |
| 1983 | 1683 | 55 | — | 2 | 2 | 1736 |
| 1984 | 1736 | 71 | 1 | 1 | 2 | 1805 |
| 1985 | 1805 | 41 | 5 | 4 | 9 | 1837 |
| 1986 | 1837 | 27 | 2 | 3 | 5 | 1859 |
| 1987 | 1859 | 42 | 3 | — | 3 | 1898 |
| 1988-89 | 1898 | 14 | 2 | 7 | 9 | 1903 |
| 1989-90 | 1903 | 19 | 1 | — | 1 | 1921 |
| 1990-91 | 1921 | 8 | 5 | 2 | 7 | 1922 |
| 1991-92 | 1922 | 14 | 2 | 3 | 5 | 1931 |
| 1992-93 | 1931 | 3 | 2 | 1 | 3 | 1931 |

## 1991-92 और 1992-93 के अंत में बीमाकृत बैंकों की स्थिति का अलग-अलग विवरण

| वर्ष | बीमाकृत बैंकों की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|
| | वाणिज्य बैंक | क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | सहकारी बैंक | जोड़ |
| 1991-92 | 80 | 196 | 1655 | 1931 |
| 1992-93 | 80 | 196 | 1655 | 1931 |

अनुबंध - II

31 मार्च 1993 को समाप्त वर्ष के दौरान बीमाकृत बैंक के रूप में पंजीकृत और विपंजीकृत बैंकों के नाम दर्शाने वाला विवरण

(क) पंजीकृत बैंकों के नाम

सहकारी बैंक

**गोवा**

बिचोलिम अर्बन को-आप. बैंक लि., बिचोलिम

**महाराष्ट्र**

सुवर्णमंगल महिला सहकारी बैंक लि., डोंबिवली (पूर्व), ठाणे

**राजस्थान**

ब्यावर अर्बन को-आप. बैंक लि., अजमेर

(ख) विपंजीकृत बैंकों के नाम

सहकारी बैंक

**आंध्र प्रदेश**

खम्माम को-आप. अर्बन बैंक लि., खम्माम

**कर्नाटक**

बेलगाम मुसलिम को-आप. बैंक लि., बेलगाम

**महाराष्ट्र**

मेट्रोपोलिटन को-आप. बैंक लि., बम्बई

# अनुबंध - III

## बीमाकृत बैंकों की स्थिति का सार
## (31 मार्च 1993 की स्थिति)

I. वाणिज्य बैंक..... 80
II. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक..... 196
III. सहकारी बैंक (अलग-अलग विवरण नीचे लिखे अनुसार)..... 1655

1931

| राज्य | अपैक्स | सैंट्रल | प्राइमरी | जोड़ |
|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 1 | 22 | 60 | 83 |
| गोवा | 1 | — | 6 | 7 |
| गुजरात | 1 | 21 | 289 | 311 |
| हरियाणा | 1 | 13 | 8 | 22 |
| हिमाचल प्रदेश | 1 | 2 | 4 | 7 |
| जम्मू और कश्मीर | 1 | 3 | 3 | 7 |
| कर्नाटक | 1 | 22 | 203 | 226 |
| केरल | 1 | 14 | 56 | 71 |
| मध्य प्रदेश | 1 | 45 | 41 | 87 |
| महाराष्ट्र | 1 | 31 | 379 | 411 |
| उड़ीसा | 1 | 17 | 14 | 32 |
| राजस्थान | 1 | 27 | 23 | 51 |
| तमिलनाडू | 1 | 19 | 133 | 153 |
| त्रिपुरा | 1 | — | 1 | 2 |
| उत्तर प्रदेश | 1 | 56 | 45 | 102 |
| पश्चिम बंगाल | 1 | 17 | 48 | 66 |
| **संघ शासित क्षेत्र** | | | | |
| दिल्ली | 1 | — | 14 | 15 |
| दीव और दमण | — | — | — | — |
| पाँडिचेरी | 1 | — | 1 | 2 |
| **कुल सहभागी बैंक** | **18** | **309** | **1328** | **1655** |

## अनुबंध - IV

## बीमाकृत बैंकों के जमाकर्ताओं को प्रदान की गयी सुरक्षा की सीमा दर्शानेवाला विवरण

(वाणिज्य बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और सहकारी बैंक)

(दिसंबर 1961 के अंतिम शुक्रवार और जून 1981 से जून 1992 तक के अंतिम कार्य दिवस की स्थिति)

| वर्ष | पूर्णतः संरक्षित खातों की संख्या @ (लाखों में) | खातों की कुल संख्या (लाखों में) | (3) के प्रति (2) का प्रतिशत | बीमाकृत जमाराशियाँ @ (करोड़ रुपये में) | कुल निर्धारणीय जमाराशियाँ (करोड़ रुपये में) | (6) के प्रति (5) का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
| 1961 | 55.42 | 70.58 | 78.5 | 392.32 | 1693.74 | 23.1 |
| 1981 | 1364.62 | 1377.07 | 99.1 | 25859.20 | 35004.43 | 73.9 |
| 1982 | 1580.98 | 1598.24 | 98.9 | 31773.92 | 42360.41 | 75.0 |
| 1983 | 1784.97 | 1815.82 | 98.3 | 37746.39 | 50796.54 | 74.3 |
| 1984 | 2000.19 | 2025.94 | 98.7 | 46339.53 | 61880.23 | 74.8 |
| 1985 | 2145.16 | 2238.37 | 95.8 | 56211.15 | 76517.22 | 73.5 |
| 1986 | 2320.05 | 2359.60 | 98.0 | 62878.13 | 86213.96 | 72.9 |
| 1987 | 2518.01 | 2568.51 | 98.0 | 75511.19 | 103044.16 | 73.3 |
| 1988/89 | 2704.87 | 2780.88 | 97.3 | 90191.69 | 126864.19 | 71.1 |
| 1989/90 | 3059.11 | 3141.68 | 97.4 | 101681.96 | 140745.95 | 72.2 |
| 1990/91 | 2982.52 | 3089.12 | 96.5 | 109315.52 | 156891.90 | 69.7 |
| 1991/92 | 3169.18 | 3287.00 | 96.4 | 127924.91 | 186307.39 | 68.7 |
| 1992/93 | 3395.03 | 3543.02 | 95.8 | 164526.57 | 244375.38 | 67.3 |

@ अर्थात् खातों की संख्या जिनमें 1967 के अंत तक 1,500 रुपये और 1981 के बाद 30,000 रुपये से अनधिक बकाया राशियाँ थीं।

## अनुबंध - V

## वर्ष 1990-91, 1991-92 और 1992-93 के लिए बीमाकृत बैंकों के जमाकर्ताओं को (वर्गवार) प्रदान की गयी सुरक्षा की सीमा दर्शानेवाला विवरण

| वर्ष | बैंकों का वर्ग | बैंकों की कुल संख्या | सूचना देनेवाले बैंकों की संख्या | बीमाकृत जमाराशियाँ (करोड़ रुपये में) | कुल निर्धारणीय जमाराशियाँ (करोड़ रुपये में) | (6) के प्रति (5) का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
| 1990-91 | वाणिज्य बैंक | 79 | 55 | 94810.07 | 134939.24 | 70.26 |
| | क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | 196 | 133 | 2033.10 | 2323.56 | 87.49 |
| | सहकारी बैंक | 1647 | 1122 | 12472.35 | 19629.10 | 63.54 |
| | **जोड़** | 1922 | 1310 | 109315.52 | 156891.90 | 69.68 |
| 1991-92 | वाणिज्य बैंक | 80 | 59 | 113252.05 | 165220.12 | 68.55 |
| | क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | 196 | 120 | 2358.59 | 2631.40 | 89.63 |
| | सहकारी बैंक | 1655 | 1124 | 12314.27 | 18455.87 | 66.72 |
| | **जोड़** | 1931 | 1303 | 127924.91 | 186307.39 | 68.66 |
| 1992-93 | वाणिज्य बैंक | 80 | 59 | 141356.73 | 212759.40 | 66.44 |
| | क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | 196 | 116 | 2995.59 | 3430.41 | 87.32 |
| | सहकारी बैंक | 1655 | 1065 | 20174.25 | 28185.57 | 71.58 |
| | **जोड़** | 1931 | 1240 | 164526.57 | 244375.38 | 67.33 |

# अनुबंध - VI

## अदा किये गये और प्रावधान किये गये निक्षेप बीमा दावे तथा प्राप्त प्रतिपूर्तियाँ - 31 मार्च 1993 की स्थिति

(राशि लाख रुपये में)

| क्रम सं. | बैंक का नाम (जिस वर्ष दावे निपटाये गये उसे कोष्टकों में दिखाया गया है) | कुल बीमाकृत जमाराशियाँ जो अदा की गयी और जिनके लिए प्रावधान किया गया | निगम द्वारा प्राप्त चुकौतियाँ | शेष राशि (3-4) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. |
| **I.** | **वाणिज्य बैंक** | | | |
| | i) उन बैंकों से संबद्ध ब्यौरे जिनके बारे में निगम को पूरी प्रतिपूर्ति कर दी गयी है | | | |
| $ 1. | बैंक ऑफ चाइना, कलकत्ता (1963) | 9.25 | 9.25 | — |
| * 2. | श्री. जादेय शंकरलिंग बैंक लि., बीजापुर (1965) | 0.12 | 0.12 | — |
| * 3. | बैंक ऑफ बिहार लि., पटना (1970) | 46.32 | 46.32 | — |
| | **जोड़: ''क''** | 55.69 | 55.69 | — |
| | ii) उन बैंकों से संबंद्ध ब्यौरे जिनके बारे में निगम को आंशिक प्रतिपूर्ति की गयी है और बकाया शेष राशि बट्टे खाते डाल दी गयी है। | | | |
| * 4. | यूनिटी बैंक लि., मद्रास (1963) | 2.53 | 1.37 | @@ |
| * 5. | उन्नाव कमर्शियल बैंक लि., उन्नाव (1946) | 1.08 | 0.31 | @@ |
| 6. | चावला बैंक लि., देहरादून (1969) | 0.18 | 0.14 | @@ |
| * 7. | मैट्रोपोलिटन बैंक लि., कलकत्ता (1964) | 8.80 | 4.41 | @@ |
| * 8. | सदर्न बैंक लि., कलकत्ता (1964) | 7.34 | 3.73 | @@ |
| | **जोड़: ''ख''** | 19.93 | 9.96 | @@ |
| | iii) उन बैंकों से संबंद्ध ब्यौरे जिनके बारे में निगम को पूरी प्रतिपूर्ति नहीं की गयी है। | | | |
| * 9. | बैंक ऑफ अलगपुरी लि., अलगपुरी (1963) | 0.28 | 0.18 | 0.10 |
